# पाठ 13. एक-एक की ताकत

## कविता का उद्देश्य

प्रस्तुत कविता का उद्देश्य बच्चों को एकता का महत्त्व बताना है। इस कविता के माध्यम से देशभक्ति एवं समानता की भावना जाग्रत करने का प्रयास किया गया है। हमें मिलजुल कर बिना किसी भेदभाव के रहना चाहिए।

## कविता का सारांश

एक-एक उँगली से मिलकर हाथ बनता है। एक-एक की ताकत को देखो। एक-एक बच्चे से कक्षा बनी, एक-एक फूल से बगीचा खुशबू से महक उठता है। एक-एक प्राणी से दुनिया बनती है। एक-एक पल से महाकाल बन जाता है। एक-एक भारतवासी के मिलने से भारत देश बनता है। यहाँ कोई भी भाषा, जाति या धर्म हो, फिर भी भारत देश महान है।

## अध्यापन संकेत

कविता वाचन से पूर्व **पहले पहल** में दी गई गतिविधि बच्चों से करवाएँ। बच्चों से भारत देश की महानता और इसकी विविधता के बारे में चर्चा करें। उन्हें एकता का महत्त्व समझाएँ। कविता का सुर और लय में वाचन कराएँ।

बच्चों से पूछें एवं समझाएँ–

- इनसे पूछें कि साथ मिलकर काम करने के क्या फ़ायदे हैं?
- बच्चों को 'एकता में बल' कहानी सुनाएँ।
- कविता में आए तुक मिलाते शब्दों से बच्चों को परिचित कराएँ।
- कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँ।
- बच्चों को शब्दों के शुद्‌ध उच्चारण पर बल देने के लिए प्रेरित करें।
- कठिन शब्दों को लिखकर अभ्यास करवाएँ।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्‌यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।